# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

# सी ई एन आर पी एफ - ०१/२०२४ - CEN RPF - 01/2024

| | |
|---|---|
| Community | OBC NCL |
| Test Center Name | iON Digital Zone iDZ Phulwarisharif |
| Test Date | 12/12/2024 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | Recruitment of Sub Inspector Executive in Railway Protection Force and Railway Protection Special Force |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** एक गाँव की जनसंख्या 140000 थी। पहले वर्ष में इसमें 5% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद इसकी जनसंख्या _______ है।

**Ans**
1. 175000
2. 147000
3. 176400
4. 168000

**Q.2** एक स्कूल में खेलों में भाग लेने वाली लड़कियों एवं लड़कों की संख्या का अनुपात 1 : 5 है। यदि लड़कियों की संख्या 247 है, तो खेलों में भाग लेने वाले लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 1255
2. 1235
3. 1265
4. 1210


**Q.3** एक थोक विक्रेता सुहैल को ₹45 प्रति किलोग्राम मूल्य वाले गेहूँ को ₹75 प्रति किलोग्राम मूल्य वाले गेहूँ के साथ किस अनुपात में मिलाना चाहिए, ताकि इस मिश्रण को ₹80 प्रति किलोग्राम पर बेचकर वह 25% का लाभ अर्जित कर सके?

**Ans**
1. 11 : 19
2. 11 : 17
3. 13 : 19
4. 13 : 17

**Q.4** उस सबसे बड़े वृत्त की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए जिसे 112 m और 114 m की विमाओं वाले आयत में निर्मित किया जा सकता है। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans**
1. 350
2. 352
3. 347
4. 354

**Q.5** दिए गए आरेख का अवलोकन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।




कितने विद्यार्थियों ने 135 से अधिक अंक प्राप्त किए?

संदर्भ:-
No. of students- विद्यार्थियों की संख्या
Marks obtained - प्राप्त अंक

**Ans**

1. 18
2. 14
3. 16
4. 12

**Q.6** 1386 $cm^2$ पृष्ठीय क्षेत्रफल वाले गोले का आयतन ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 4726 $cm^2$
2. 4672 $cm^2$
3. 4851 $cm^2$
4. 4518 $cm^2$

**Q.7** ईंधन की कीमत क्रमागत तीन महीनों में 25%, 60% और 10% कम की गई है, लेकिन चौथे महीने में 60% वृद्धि की गई है। चौथे महीने में ईंधन की कीमत में उसकी मूल कीमत की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई है?

**Ans**

1. 59.84% की वृद्धि
2. 61.02% की वृद्धि
3. 59.51% की कमी
4. 56.79% की कमी

**Q.8** वह एक अंक की सबसे छोटी संख्या बताइए, जिसे 6 अंकों की संख्या 497094 में जोड़ने पर संख्या 11 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

**Ans**

1. 6
2. 7
3. 8
4. 4

| | |
|---|---|
| Q.9 | वह एक अंक की सबसे छोटी संख्या बताइए, जिसे 6 अंकों की संख्या 547363 में जोड़ने पर संख्या 11 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए। |
| Ans | 1. 5<br>2. 8<br>3. 4<br>4. 6 |

| | |
|---|---|
| Q.10 | एक वर्गाकार भूखंड का क्षेत्रफल 961 $m^2$ है। भूखंड की प्रत्येक भुजा की लंबाई (m में) कितनी है? |
| Ans | 1. 41<br>2. 31<br>3. 39<br>4. 29 |

| | |
|---|---|
| Q.11 | निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।<br>$\left[(28 \times 10) \times \left\{4 \div 4 \times \frac{(19 - 12)}{7}\right\}\right]$ |
| Ans | 1. 298<br>2. 266<br>3. 275<br>4. 280 |

| | |
|---|---|
| Q.12 | प्रमोद ने 171 कुर्सियाँ बेचीं और उसे 57 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ प्राप्त हुआ। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 55%<br>2. 60%<br>3. 50%<br>4. 45% |

| | |
|---|---|
| Q.13 | एक बैंक अर्द्ध-वार्षिक आधार पर गणना करके, 9.2% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज प्रदान करता है। एक ग्राहक किसी वर्ष की 1 जनवरी को ₹2907 और 1 जुलाई को ₹2907 जमा करता है। वर्ष के अंत में, उसे ब्याज के रूप में मिलने वाली राशि ________ है। [उत्तर दशमलव के 2 स्थानों तक दीजिए।] |
| Ans | 1. ₹395.33<br>2. ₹399.22<br>3. ₹407.31<br>4. ₹417.31 |

| | |
|---|---|
| Q.14 | फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹ 15960 है। यदि उनके मूल्यों का अनुपात 3:5:7 है, तो सबसे महंगी वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 22344<br>2. 3192<br>3. 5320<br>4. 7448 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | एक बैंक अर्द्ध-वार्षिक आधार पर गणना करके, 6.8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज प्रदान करता है। एक ग्राहक किसी वर्ष की 1 जनवरी को ₹4879 और 1 जुलाई को ₹4879 जमा करता है। वर्ष के अंत में, उसे ब्याज के रूप में मिलने वाली राशि ________ है। [उत्तर दशमलव के 2 स्थानों तक दीजिए।] |
| Ans | 1. ₹503.29<br>2. ₹524.58<br>3. ₹513.29<br>4. ₹521.27 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | यदि 29 x 2 x 742 = y + 784 है, तो y का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 35 | |
| | 2. 28 | |
| | 3. 26 | |
| | 4. 36 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | समान लंबाई की दो ट्रेन समांतर पटरियों पर एक ही दिशा में 40 km/h और 22 km/h की चाल से चल रही हैं। तेज़ चलने वाली ट्रेन, धीमी चलने वाली ट्रेन को 40 सेकंड में पार करती है। प्रत्येक ट्रेन की लंबाई ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 114 मीटर | |
| | 2. 90 मीटर | |
| | 3. 82 मीटर | |
| | 4. 100 मीटर | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | चार क्रमागत विषम संख्याओं का औसत 42 है, इनमें से सबसे बड़ी संख्या के अंकों का योग ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 5 | |
| | 2. 8 | |
| | 3. 9 | |
| | 4. 7 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | ₹2000 पर 6.25% वार्षिक ब्याज दर पर 12 फरवरी 2023 से 26 अप्रैल 2023 की अवधि के लिए साधारण ब्याज (₹ में) की गणना करें। | |
| Ans | 1. 25 | |
| | 2. 23 | |
| | 3. 24 | |
| | 4. 26 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | आठ संख्याओं का औसत 20 है। इनमें से पांच संख्याओं का औसत 21 है। शेष तीन संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 17.33 | |
| | 2. 19.33 | |
| | 3. 20.33 | |
| | 4. 18.33 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | सेल के दौरान, राघव ने ₹100 अंकित मूल्य की एक नोटबुक को 77% छूट पर और ₹100 अंकित मूल्य की एक पेन को 16% की छूट पर खरीदा। सेल के कारण उसने कितनी बचत (₹ में) की? | |
| Ans | 1. 91 | |
| | 2. 93 | |
| | 3. 92 | |
| | 4. 95 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | एक व्यक्ति 3.5 घंटे तक 39 kmph की चाल से गाड़ी चलाता है, फिर अपनी चाल 9 kmph से बढ़ा देता है, और अगले एक घंटे में गंतव्य तक पहुँच जाता है। उस व्यक्ति की कुल यात्रा का औसत चाल (kmph में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 47 | |
| | 2. 45 | |
| | 3. 41 | |
| | 4. 43 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | रघु अपनी यात्रा 20 घंटे में पूरी करता है। वह आधी दूरी 27 km/h की चाल से और शेष दूरी 54 km/h की चाल से तय करता है। संपूर्ण यात्रा की कुल दूरी (Km में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 720 | |
| | 2. 710 | |
| | 3. 712 | |
| | 4. 728 | |

**Q.24** ईशा और अंशू ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹44000 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹8800 के कुल लाभ में से, ईशा का हिस्सा ₹1100 था। अंशू ने कितना निवेश किया था?

**Ans**
1. ₹40115
2. ₹38110
3. ₹38500
4. ₹37420

---

**Q.25** वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात करें जो 14, 42, 54 और 6 से विभाज्य है।

**Ans**
1. 458
2. 298
3. 384
4. 378

---

**Q.26** निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$5 \times \left(\frac{3}{4}\right) - 2 \times \left(\frac{1}{4}\right) - 3 \times \left(\frac{1}{4}\right) - \left(\frac{1}{4}\right)$$

**Ans**
1. $\frac{5}{4}$
2. $\frac{7}{4}$
3. $\frac{3}{4}$
4. $\frac{9}{4}$

---

**Q.27** निम्नलिखित को साधारण भिन्न में व्यक्त करें।

$$0.12\overline{3} + 0.\overline{39}$$

**Ans**
1. $\frac{578}{1100}$
2. $\frac{579}{1100}$
3. $\frac{568}{1100}$
4. $\frac{569}{1100}$

---

**Q.28** एक दुकानदार एक वस्तु का मूल्य ₹x अंकित करता है और उस पर 40% की छूट प्रदान करता है। वह छूट वाले मूल्य पर 70% वैट लगाने के बाद उसे ₹255 में बेचता है। ₹x का मान कितना है?

**Ans**
1. ₹200
2. ₹100
3. ₹400
4. ₹250

---

**Q.29** यदि 13 x 7 x 686 ÷ $\sqrt{2401}$ = y + 785 है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 498
2. 488
3. 499
4. 489

Q.30 दूध और पानी के 120 लीटर मिश्रण में 15% पानी है। इस मिश्रण में कितना पानी (लीटर में) मिलाया जाना चाहिए ताकि पानी की मात्रा 25% हो जाए?

Ans
1. 20
2. 16
3. 24
4. 12

Q.31 पार्वती और परी एक व्यवसाय में 7:15 के अनुपात में निवेश करती हैं। यदि कुल लाभ ₹1166 है, तो पार्वती और परी को प्राप्त लाभों (₹ में) में कितना अंतर है?

Ans
1. 524
2. 274
3. 324
4. 424

Q.32 एक दुकानदार, किसी पंखे पर उसके क्रय मूल्य से 60% अधिक मूल्य अंकित करता है और उस पर 30% की छूट देता है। यदि वह ₹60 का लाभ अर्जित करता है, तो पंखे का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 824
2. 1021
3. 873
4. 800

Q.33 यदि 1092 m लंबी एक रेलगाड़ी किसी खंभे को 52 सेकंड में पार करती है, तो रेलगाड़ी द्वारा 294 m लंबे प्लेटफार्म को पार करने में लिया गया समय (सेकंड में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 61
2. 60
3. 66
4. 63

Q.34 किसी संख्या को 576 से विभाजित करने पर शेषफल 75 प्राप्त होता है। यदि उसी संख्या को 24 से विभाजित किया जाए, तो प्राप्त होने वाला शेषफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 2
2. 4
3. 3
4. 1

Q.35 किसी शंक्वाकार तंबू में 40 व्यक्तियों के रहने की व्यवस्था है। प्रत्येक व्यक्ति को जमीन पर 5 $m^2$ स्थान की और साँस लेने के लिए 70 $m^3$ हवा की आवश्यकता होती है। तंबू की ऊँचाई (m में) ज्ञात कीजिए ($\pi = 22/7$ लीजिए)।

Ans
1. 42
2. 38
3. 45
4. 40

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।

24 88 137 173 ?

Ans
1. 198
2. 200
3. 196
4. 202

Q.37 MJ 18, किसी प्रकार OF 2 से संबंधित है। NE 11, ठीक उसी प्रकार PA -5 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SQ 1, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
1. VM -12
2. UL -15
3. VK -14
4. UM -15

Q.38 उस त्रिक का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

EA-HD-KN
GC-JF-MP

Ans
1. IE-LH-OR
2. IF-LH-OS
3. IE-LH-OS
4. IF-LG-OS

Q.39

अंकित बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 11 km तक ड्राइव करता है। फिर वह बायीं ओर मुड़ता है, 12 km तक ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 14 km तक ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 14 km तक ड्राइव करता है। वह अंत में बायीं ओर मुड़ता है, 3 km तक ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° मोड़ हैं।)

Ans
1. 2 km पश्चिम की ओर
2. 1 km पश्चिम की ओर
3. 4 km पश्चिम की ओर
4. 3 km पश्चिम की ओर

Q.40 किसी निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A x B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'W + E – R ÷ T x Y' है, तो W का Y से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी के पिता के भाई की पत्नी
2. पत्नी की माता के भाई की पुत्री
3. पत्नी के पिता के भाई की पुत्री
4. पत्नी की माता के भाई की पत्नी

Q.41 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।
VAN BUT ZIP DEW
यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में अगले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
1. एक
2. एक भी नहीं
3. दो
4. तीन


Q.42 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाईं ओर से दाईं ओर की जानी चाहिए।

(बाएं) C & T % 7 2 R G E * S D Y # 3 5 4 @ 6 K & (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक संख्या है तथा ठीक बाद एक अक्षर भी है?

Ans
1. 1
2. 0
3. 3
4. 2

Q.43 नीचे दी गई पांच आकृतियों में से चार आकृतियां किसी प्रकार समान हैं और इसलिए एक समूह बनाती हैं। कौन-सी आकृति, उस समूह से संबंधित नहीं है?



(A) (B) (C) (D) (E)

Ans
1. A
2. C
3. B
4. D

Q.44 निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी प्रकार समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह कौन सा अक्षर-समूह युग्म है, जो उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. XZ - UW
2. MN - KL
3. JL - GI
4. QS - NP

Q.45 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन है। S और V की परीक्षाओं के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। U की परीक्षा सोमवार को है। U और S की परीक्षाओं के बीच केवल P की परीक्षा है। V की परीक्षा, T की परीक्षा से ठीक पहले, और R की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है। Q की परीक्षा, R की परीक्षा से ठीक पहले वाले दिन है। निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा शनिवार को है?

Ans
1. T
2. V
3. P
4. R

Q.46 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। F और A के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। E, A के ठीक बायीं ओर पड़ोस में बैठा है। E और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। G, D के बायीं ओर किसी एक स्थान पर लेकिन C के दायीं ओर किसी एक स्थान पर बैठा है। A और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 1
2. 2
3. 3
4. 4

Q.47 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GASP' को '8264' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TAPS' को '8562' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 5
2. 2
3. 6
4. 8

Q.48 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
(19, 38, 114)
(14, 28, 84)

Ans
1. (15, 30, 85)
2. (16, 48, 96)
3. (17, 34, 68)
4. (12, 24, 72)

Q.49 छह व्यक्ति, जिनके नाम W, X, Y, Z, T और U हैं, प्रत्येक अलग-अलग आयु के हैं। W की आयु 30 है। U की आयु, T की आयु की एक-चौथाई है। Y की आयु, X की आयु की दो गुनी है। T की आयु, Y की आयु की पांच गुनी है। W की आयु, U की आयु की दो गुनी है। यदि X की आयु, Z की आयु की एक-चौथाई है, तो Z की आयु कितनी है?

Ans
1. 45
2. 35
3. 24
4. 25

Q.50 सात व्यक्ति C, D, E, F, G, H और Z एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H और D, जिनमें से कोई भी बाईं छोर पर नहीं बैठा है, के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। C, G के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Z और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. दो
2. तीन
3. चार
4. एक

Q.51 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KQR : OTT
SWV : WZX

Ans
1. ACZ : EFB
2. MBK : OGM
3. CZP : FBQ
4. QRL : TTM

Q.52 दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

TUR 71 UQT 60 VMV 49 ? XEZ 27

Ans
1. WIX 38
2. UWX 32
3. VJX 34
4. VIY 35

Q.53 एक निश्चित कूट भाषा में, 'HAZE' को '8574' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'HEAL' को '1745' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'L' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 7
2. 5
3. 1
4. 4

**Q.54** 25 एक निश्चित तर्क के अनुसार 155 से संबंधित है। 20 उसी तर्क के अनुसार 125 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 32 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रिया जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रिया करना अनुमत नहीं है।)

Ans
1. 197
2. 199
3. 192
4. 166

**Q.55** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
CAR SHE BEG MUD
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
1. 2
2. 3
3. 1
4. 4

**Q.56**
A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल की संख्या 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल की संख्या 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल की संख्या 6 है। C, सम संख्या वाले तल पर रहता है, लेकिन तल संख्या 6 पर नहीं। B और C जिन तलों पर रहते हैं उनकी संख्याओं का योग 7 है। A, E के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। C और F जिन तलों पर रहते हैं उनकी संख्याओं का योग 3 है। A और C के तलों के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. 4
2. 3
3. 2
4. 1

**Q.57** यदि संख्या 384571 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी सम अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
1. 16
2. 8
3. 14
4. 12

**Q.58** अमित बिंदु A से शुरू करता है और उत्तर की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। वह फिर दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (अन्यथा निर्दिष्ट न किए जाने की स्थिति में, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 2 km, पश्चिम में
2. 2 km, पूर्व में
3. 3 km, पश्चिम में
4. 3 km, पूर्व में

**Q.59** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
1. RM : OK
2. DY : BW
3. ID : GB
4. KF : ID

| | |
|---|---|
| Q.60 | A * B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',<br>A - B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A $ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' और<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।<br>उपरोक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित में से किसका अर्थ यह है कि D, R की बहन की पुत्री है? |
| Ans | 1. D @ U - S * T $ R<br>2. D @ U * S - T $ R<br>3. D $ U * S - T @ R<br>4. D * U @ S $ T - R |


| | |
|---|---|
| Q.61 | यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?<br>(32 Q 2) P 4 R 35 S (7 P 3) S 20 R 18 Q 3 =? |
| Ans | 1. 64<br>2. 74<br>3. 80<br>4. 50 |

| | |
|---|---|
| Q.62 | यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।<br><br>JAR CUT DIM FOG<br><br>यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में अगले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा? |
| Ans | 1. 2<br>2. 1<br>3. 4<br>4. 3 |


| | |
|---|---|
| Q.63 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह युग्म में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | 1. NI : LG<br>2. ID : GB<br>3. QL : PJ<br>4. CX : AV |


| | |
|---|---|
| Q.64 | यदि संख्या 2175648 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में प्रथम और अंतिम अंकों का योग कितना होगा? |
| Ans | 1. 7<br>2. 10<br>3. 9<br>4. 12 |


**Q.65** विकल्पों में दी गई उस आकृति को पहचानिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूरी हो जाएगी।





**Ans**

1. 

2. 

3. 

4. 

**Q.66** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन बाजार जाते हैं।
P बुधवार को बाजार जाता है। P और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बाजार जाते हैं। Q और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बाजार जाते हैं। R और T के बीच केवल दो व्यक्ति बाजार जाते हैं। U, T के ठीक बाद वाले दिन बाजार जाता है। V, U के बाद किसी एक दिन बाजार जाता है।
कौन गुरुवार को बाजार जाता है?

**Ans**

1. T
2. S
3. U
4. V

**Q.67** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'BULK' को '5273' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'KITE' को '4612' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**


1. 6
2. 3
3. 2
4. 4

**Q.68** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

**IDX 1 MGS −6 ? UMI −26 YPD −39**

**Ans**
1. QJN −15
2. PWX −9
3. WPS −11
4. PLW −13

**Q.69** दर्पण को रेखा MN पर रखे जाने पर, दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans**
1. 
2. 
3. 
4. 

**Q.70** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**सभी स्पून, फोर्क हैं।**
**सभी फोर्क, जार हैं।**
**कुछ जार, नाइफ हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) कुछ फोर्क, नाइफ हैं।**
**(II) कुछ स्पून, नाइफ हैं।**

**Ans**
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
4. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

## Section : General Awareness

**Q.71** प्राचीन भारत में ताम्रपाषाण काल की कायथा संस्कृति भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?

**Ans**
1. राजस्थान
2. पंजाब
3. मध्य प्रदेश
4. महाराष्ट्र

**Q.72** भारत में 'भारतीय साक्ष्य विधेयक' किस वर्ष पारित किया गया था?

**Ans**
1. 2023
2. 2021
3. 2024
4. 2022

**Q.73** 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में लिंगानुपात (प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाएँ) सबसे अधिक है?

**Ans**

1. केरल
2. तमिलनाडु
3. पंजाब
4. हिमाचल प्रदेश

**Q.74** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक गुप्त संगठन के रूप में अभिनव भारत मंदिर (यंग इंडिया सोसायटी) की स्थापना __________ और उनके भाई ने की थी।

**Ans**

1. महादेव गोविंद रानाडे (Mahadev Govind Ranade)
2. सरदार वल्लभभाई पटेल (Sardar Vallabhbhai Patel)
3. विनायक दामोदर सावरकर (Vinayak Damodar Savarkar)
4. दामोदर हरि चापेकर (Damodar Hari Chapekar)

**Q.75** निम्नलिखित में से 'आदिपुराण' के लेखक कौन हैं?

**Ans**

1. अमोघवर्ष
2. कृष्ण
3. ऋषभदेव
4. जिनसेन

**Q.76** निम्नलिखित में से कौन, राष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल का भाग नहीं होता है?

**Ans**

1. राज्य विधानसभा के निर्वाचित सदस्य
2. राज्य सभा के मनोनीत सदस्य
3. लोक सभा के निर्वाचित सदस्य
4. राज्य सभा के निर्वाचित सदस्य

**Q.77** भारत में राज्य राजमार्ग मुख्यतः निम्नलिखित में से किसे जोड़ते हैं?

**Ans**

1. राज्य की राजधानियों से ग्रामीण क्षेत्र और गाँवों को
2. जिले के अन्य स्थानों से जिला मुख्यालयों को
3. विभिन्न जिला मुख्यालयों से राज्य की राजधानियों को
4. नई दिल्ली से देश के सुदूरवर्ती भागों को

**Q.78** मार्च 2023 में, भारत ने, भारतीय पेटेंट कानून की धारा 3(d) का हवाला देते हुए, किस टीबी दवा के निर्माण पर अपना एकाधिकार बढ़ाने के जॉनसन एंड जॉनसन के प्रयास को अस्वीकार कर दिया?

**Ans**

1. एथम्ब्यूटोल (Ethambutol)
2. रिफ़ैम्पिन (Rifampin)
3. आइसोनियाज़िड (Isoniazid)
4. बेडाक्विलिन (Bedaquiline)

**Q.79** निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ जल में घुलने पर हाइड्रॉक्साइड आयन उत्पन्न करता है?

**Ans**

1. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
2. कार्बन डाइऑक्साइड
3. अमोनिया
4. सल्फर डाइऑक्साइड

**Q.80** आनुवंशिकी के संदर्भ में, वंशावली विश्लेषण (pedigree analysis) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

**Ans**

1. एक परिवार के पीढ़ियों के भीतर विशिष्ट विशेषकों की वंशागति को ट्रैक करना
2. किसी जनसंख्या में व्यक्तियों के शारीरिक विशेषकों को मापना
3. विभिन्न जीवों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं का विश्लेषण करना
4. किसी परिवेश में प्रजातियों के बीच पारिस्थितिक अन्योन्यक्रिया का अध्ययन करना

**Q.81** चुनाव सुधारों के लिए निम्नलिखित में से किस वर्ष दिनेश गोस्वामी समिति का गठन किया गया था?

**Ans**

1. 2000
2. 2005
3. 1990
4. 1998

**Q.82** निम्नलिखित में से किस मामले में 'बुनियादी संरचना सिद्धांत' को पहली बार अस्तित्व में आया?

**Ans**

1. बेरुबारी यूनियन मामला
2. भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) मामला
3. कुमार पद्म प्रसाद मामला
4. केशवानंद भारती मामला

**Q.83** कृषि मूल्य आयोग की स्थापना के लिए भारत सरकार का प्रमुख तर्काधार क्या है?

**Ans**

1. सरकार द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले बीजों की कीमतों का निर्धारण करना
2. बाजार में बेचे जाने वाले कृषि उत्पादों की कीमतों का निर्धारण करना
3. किसानों से खरीदे गए कृषि उत्पादों की कीमतों का निर्धारण करना
4. सरकार द्वारा बेचे जाने वाले कृषि उत्पादों की कीमतों का निर्धारण करना

**Q.84** निम्नलिखित समाज सुधारकों में से किसने 1861 में विधवा पुनर्विवाह संघ की स्थापना की?

**Ans**

1. ज्योतिबा फुले
2. महादेव गोविंद रानाडे
3. दादाभाई नौरोजी
4. दयानंद सरस्वती

**Q.85** प्रथम क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

**Ans**

1. 1991
2. 1980
3. 1975
4. 1982

**Q.86** निम्नलिखित में से कौन सा पहलू आयुष्मान सहकार योजना (Ayushman Sahakar Scheme) में शामिल है?

**Ans**

1. स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा बुनियादी ढाँचा (Healthcare and Education infrastructure)
2. कृषि बुनियादी ढाँचा (Agriculture infrastructure)
3. आवासीय बुनियादी ढाँचा (Housing infrastructure)
4. भौतिक बुनियादी ढाँचा ( Physical infrastructure)

**Q.87** भारत सरकार की कौन-सी योजना, विशेष रूप से ग्रामीण परिवारों को कम से कम 100 दिनों की गारंटीकृत मजदूरी रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संबंधित है?

**Ans**

1. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA)
2. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM)
3. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY)
4. प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (PMRPY)

**Q.88** निजीकरण की प्रक्रिया में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प शामिल है?

**Ans**

1. आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO) के जरिए जनता को शेयर बेचना
2. उद्यम पर सरकारी नियंत्रण में वृद्धि
3. निजी संपत्ति के अधिकारों को समाप्त करना
4. निजी कंपनियों का राष्ट्रीयकरण

Q.89 सितंबर 2024 का चौथा क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन (Quad Leaders Summit) संयुक्त राज्य अमेरिका में किस स्थान पर आयोजित किया गया था?

Ans
1. विलमिंगटन
2. न्यूयॉर्क
3. डलास
4. शिकागो

Q.90 स्पोर्ट्स एंड गेम्स 2023 (Sports and Games 2023) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित रितु नेगी निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित खिलाड़ी हैं?

Ans
1. मुक्केबाजी
2. खो-खो
3. तीरंदाजी
4. कबड्डी

Q.91 निम्नलिखित में से कौन-सा कृषि विपणन (agricultural marketing) में सुधार का उपाय नहीं है?

Ans
1. बेहतर आधारिक संरचना (Better infrastructural facilities)
2. किसानों को कदाचार से बचाने के लिए विनियमित मंडियाँ (Regulated markets to protect farmer from malpractice)
3. किसानों की उपज का उचित मूल्य उपलब्ध कराना (Providing fair price for farmer produce)
4. बड़े व्यापारियों द्वारा हेरफेर (Manupulation by big traders)

Q.92 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति द्वारा लोक सेवा आयोग के सदस्य को हटाया जा सकता है?

Ans
1. अनुच्छेद 318
2. अनुच्छेद 317
3. अनुच्छेद 315
4. अनुच्छेद 314

Q.93 भारत में कृषि के संदर्भ में 'बरानी' क्या है?

Ans
1. मक्का की किस्में
2. वर्षा आधारित कृषि
3. स्थानांतरी कृषि
4. कृषि के देवता

Q.94 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतीय संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों में शामिल नहीं है?

Ans
1. देश की समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना और संरक्षित करना
2. करों का भुगतान करना
3. स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को संजोना और उनका पालन करना
4. सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखना और हिंसा से दूर रहना

Q.95 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, श्रम बाजार में मजदूरी और कीमत लोचशीलता स्तर के लिए कीन्स के उपागम (Keynesian approach) को निरूपित करता है?

Ans
1. मजदूरी स्थिर होती है लेकिन कीमत लोचशील होती है।
2. मजदूरी लोचशील होती है लेकिन कीमत स्थिर होती है।
3. मजदूरी और कीमत पूर्णतः लोचशील होते हैं।
4. मजदूरी और कीमत स्थिर होते हैं।

Q.96 गरुड़-VII' (GARUDA-VII) नामक संयुक्त वायु सेना अभ्यास किनके बीच आयोजित हुआ था?

Ans
1. भारत और मलेशिया
2. भारत और फ्रांस
3. भारत और दक्षिण अफ्रीका
4. भारत और सूडान

| | | |
|---|---|---|
| Q.97 | भारत के उत्तरी मैदानों में वर्षा का वितरण का सामान्य रूप निम्नलिखित में से कौन-सा है? | |
| Ans | 1. यह पूर्व से पश्चिम की ओर घटती जाती है।<br>2. यह पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ती जाती है।<br>3. यह पूरे क्षेत्र में एक समान वितरण होता है।<br>4. यह पश्चिम से पूर्व की ओर घटती जाती है। | |


| | | |
|---|---|---|
| Q.98 | 1978 में, संविधान के _________ संशोधन द्वारा संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया था और इसे अनुच्छेद 300A के अंतर्गत एक सरल विधिक अधिकार में परिवर्तित कर दिया गया था। | |
| Ans | 1. 43वें<br>2. 42वें<br>3. 45वें<br>4. 44वें | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.99 | अगस्त 2024 में निम्नलिखित में से किसने राज्यसभा में बॉयलर्स विधेयक (Boilers Bill), 2024 पेश किया? | |
| Ans | 1. अल्पसंख्यक कार्य के केंद्रीय मंत्री (Union Minister for Minority Affairs)<br>2. जनजातीय कार्य के केंद्रीय मंत्री (Union Minister for Tribal Affairs)<br>3. केंद्रीय वित्त मंत्री (Union Minister for Finance)<br>4. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (Union Minister for Commerce and Industry) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.100 | अप्रैल 2023 में, भारत की प्रथम लेजर व्यतिकरणमापी गुरुत्वीय तरंग वेधशाला ( Laser Interferometer Gravitational Waves Observatory) परियोजना को निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थापित करने की स्वीकृति दी गई थी? | |
| Ans | 1. राजस्थान<br>2. ओड़िशा<br>3. उत्तर प्रदेश<br>4. महाराष्ट्र | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.101 | एच.एच. डिक्सन (HH Dixon) ने जाइलम में जल परिसंचरण की व्याख्या करते हुए संसंजन-तनाव सिद्धांत का पहला विस्तृत विवरण कब दिया था? | |
| Ans | 1. 1890<br>2. 1982<br>3. 1914<br>4. 1937 | |

Q.102 निम्नांकित में से कौन सा आरेख उत्तल लेंस के गुणधर्मों को सही ढंग से दर्शाता है?




Ans
1. c
2. a
3. d
4. b

| | | |
|---|---|---|
| Q.103 | 'नंदिक्कलम्बकम (Nandikkalambakam)' कविता में कितने छंद हैं? | |
| Ans | 1. 80 छंद<br>2. 70 छंद<br>3. 60 छंद<br>4. 50 छंद | |

**Q.104** निम्नलिखित में से दिल्ली के किस सुल्तान ने रक्त और लौह की नीति अपनाई?

**Ans**

1. गयासुद्दीन बलबन
2. शम्सुद्दीन इल्तुतमिश
3. मुबारक शाह
4. अलाउद्दीन खिलजी

**Q.105** अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

**Ans**

1. 1905
2. 1914
3. 1919
4. 1906

**Q.106** 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में पुरुषों के बीच साक्षरता दर सर्वाधिक है?

**Ans**

1. लक्षद्वीप
2. अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
3. दिल्ली
4. पुदुचेरी

**Q.107** अगस्त 2024 में बिल ऑफ लैडिंग विधेयक, 2024 निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत किया गया था?

**Ans**

1. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
2. गृह मंत्रालय
3. पत्तन,पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
4. नागर विमानन मंत्रालय

**Q.108** राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन-सी नदी प्रणाली सबसे व्यापक और क्षणिक है, जिसका स्रोत पुष्कर के पास है, जो दो धाराओं में विभाजित है, जिन्हें 'सरस्वती' और 'साबरमती' के नाम से जाना जाता है?

**Ans**

1. यमुना नदी
2. ताप्ती नदी
3. गोदावरी नदी
4. लूनी नदी

**Q.109** विश्व व्यापार संगठन (WTO) द्वारा सितंबर 2024 में आयोजित व्यापार और व्यापार सांख्यिकी पर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की समिति की 7वीं बैठक किस स्थान पर आयोजित की गई?

**Ans**

1. बुडापेस्ट
2. मैड्रिड
3. जिनेवा
4. बीजिंग

**Q.110** निम्नलिखित कर्नाटक संगीतकारों में से कौन विशेष रूप से भगवान राम की स्तुति में, तेलगु और संस्कृत भाषाओं में अपने रचनात्मक योगदान के लिए जाना जाता है?

**Ans**

1. मुथुस्वामी दीक्षितार
2. त्यागराज
3. अन्नमाचार्य
4. पुरंदर दास

**Q.111** 'द डिस्कवरी ऑफ इंडिया (The Discovery of India)' पुस्तक किसने लिखी है?

**Ans**

1. मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
2. जवाहरलाल नेहरू
3. भगत सिंह
4. महात्मा गांधी

Q.112 मार्च 2024 में संपन्न प्रो कबड्डी लीग (PKL) के सीज़न 10 में निम्नलिखित में से किस टीम ने जीत हासिल की?

Ans
1. हरियाणा स्टीलर्स
2. पुनेरी पल्टन
3. पटना पाइरेट्स
4. जयपुर पिंक पैंथर्स

Q.113 नीरज प्रभाकर को 2023 में ___________ की अनुसंधान सलाहकार समिति (RAC) का अध्यक्ष नामित किया गया।

Ans
1. ICAR-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑयल पाम रिसर्च (IIOPR), पेडावेगी
2. ICAR-नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, करनाल
3. ICAR-सेंट्रल एवियन रिसर्च इंस्टीट्यूट, इज्जतनगर
4. ICAR-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च ऑन कॉटन टेक्नोलॉजी, मुंबई

Q.114 वह जनन विधि जिसमें एक ही जनक संतान उत्पन्न करने में सक्षम होता है, उसे ______ कहा जाता है।

Ans
1. लैंगिक जनन
2. परागण
3. अलैंगिक जनन
4. निषेचन

Q.115 राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल कितनी अवधि का होता है?

Ans
1. 5.5 वर्ष
2. 03 वर्ष
3. 06 वर्ष
4. 04 वर्ष

Q.116 निम्नलिखित में से किस भारतीय ने 2023 में संयुक्त राष्ट्र यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ दि ईयर अवार्ड जीता?

Ans
1. मेजर अनन्या सेन
2. मेजर राधिका सेन
3. मेजर मोनिका सेन
4. मेजर वामिका सेन

Q.117 कॉलम-I को कॉलम-II से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कोड से अपना उत्तर चुनें:

| (कॉलम I) | (कॉलम II) |
|---|---|
| (a) पूर्वोत्तर व्यापारिक पवन | i. उत्तरी भारत की गर्म, शुष्क पवन |
| (b) दक्षिण-पश्चिमी मानसून पवन | ii. उत्तरी मैदानी इलाकों में शीतकालीन वर्षा लाती है |
| (c) शीतकालीन चक्रवाती विक्षोभ | iii. हिंद महासागर से नमी भरी हवाएँ लाती है |
| (d) लू | iv. शीत ऋतु में भूमि से समुद्र की ओर चलती है |

Ans
1. (a) iv (b) ii (c) iii (d) i
2. (a) i (b) ii (c) iii (d) iv
3. (a) iii (b) iv (c) ii (d) i
4. (a) iv (b) iii (c) ii (d) i

**Q.118** **'पल्लवी' शब्द निम्नलिखित में से किस संगीत की रचना की पहली या दूसरी थिमैटिक पंक्तियों (thematic lines) से संबंधित है?**

**Ans**

1. शास्त्रीय उर्दू संगीत
2. शास्त्रीय हिंदुस्तानी संगीत
3. शास्त्रीय कर्नाटकी संगीत
4. शास्त्रीय जनजातीय और लोक संगीत

**Q.119** **भारत में 'बेसिलिका ऑफ बोम जीसस (Basilica of Bom Jesus)' बिल्डिंग कहां स्थित है?**

**Ans**

1. मुंबई
2. गोवा
3. रांची
4. दिल्ली

**Q.120** **द्रव्य की चौथी अवस्था 'प्लाज्मा' एक ______________ है।**

**Ans**

1. आयनीकृत गैस
2. कम इलेक्ट्रॉन वाली उदासीन गैस
3. आयनीकृत गैस जिसमें आयन और इलेक्ट्रॉन लगभग बराबर संख्या में होते हैं
4. द्रव और गैस के बीच की अवस्था